तापमान
अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

12 मारकंडा की डीसिल्टिंग कार्य शुरू मानसून से ...



12 स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत अंबाला ..



## खबर संक्षेप

### युवक को रास्ते में रोककर की मारपीट

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर में किसी काम से आए गांव अजीजपुर कला निवासी सचिन को रास्ते में रोक कर तीन युवकों ने पीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव अजीजपुर कला निवासी नायब सिंह ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सचिन व्यासपुर किसी काम से आया था। इस दौरान आरोपी अमन वर्मा, बंटी गुर्जर व वंश राजपूत ने उसके बेटे को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### घर में घुसकर युवकों ने की मारपीट

**यमुनानगर।** गांव बनकट में कार व बाइक पर सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घर का गेट तोड़कर अंदर घुसकर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने घर के शीशे भी तोड़े और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बनकट निवासी हिम्मत सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले मनप्रीत व कृष्ण के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। हिम्मत सिंह ने बताया कि 27 मई को आरोपी मनप्रीत व कृष्ण अपने साथियों सागर, अक्षत, युवराज, हर्ष व दिवेश के साथ कार व बाइक पर सवार होकर उनके घर पर आए।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 में से 7 शिकायतों का किया समाधान

# अवैध कॉलोनियों पर विज सख्त रजिस्ट्रारों पर एफआईआर के निर्देश

- *जगाधरी भूमि रजिस्ट्री मामले में नगर निगम अधिकारी पर गिरी गाज गिरफ्तारी के आदेश*
- *गैस एजेंसी ब्लैक मार्केटिंग, प्रदूषण, सीवरेज और पेयजल समेत कई मामलों में दिए सख्त निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने यमुनानगर में अवैध कालोनी काटे जाने पर एक्शन लिया और अवैध कालोनी काटे जाने के दौरान तत्कालीन संबंधित रजिस्ट्रार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विज ने जगाधरी के सेक्टर-17 में भूमि के एक टुकड़े की रजिस्ट्री करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के संबंधित सहायक अभियंता दीपक सुखीजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश यमुनानगर के लघु सचिवालय में आयोजित जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।बैठक में पहले से निर्धारित 15 परिवाद रखे गए। जिनमें से ऊर्जा मंत्री ने 7 परिवादों को मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष 8 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए।




**यमुनानगर।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज।

### एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए

कैबिनेट मंत्री अनिल विज के सम्मुख एचएसवीपी के सेक्टर-17, जगाधरी निवासी महेन्द्र तनेजा ने प्रॉपर्टी आईडी के भूमि के एक टुकड़े को अप्रूव कर रजिस्टरी किए जाने बारे शिकायत रखी, और इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर ऊर्जा मंत्री ने नगर निगम के सहायक अभियंता दीपक सुखीजा के खिलाफ नगर निगम आयुक्त को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। मंत्री ने एसपी को निर्देश दिए कि एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए। वहीं, बसंत नगर जगाधरी निवासी विजयदीप सिंह ने एचएसवीपी की जमीन में अवैध कॉलोनी काटे जाने पर डीटीपी व नगर निगम यमुनानगर द्वारा कार्यवाही करने बारे शिकायत पर एसडीएम जगाधरी ने पक्ष रखा । जिस पर ऊर्जा मंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि जो भी अवैध कालोनी काटी जा रही है उन पर डीटीपी द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। इसकी जांच करवाए।

### आरोपियों के बयान दर्ज करें

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री करने वाले रजिस्ट्रारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आरोपियों के बयान सरपंच व मौजिज लोगों के सामने दर्ज करने के आदेश दिए। फतेहपुर निवासी परविंदर काम्बोज की फसल खराब होने के मामले में पाइप लीकेज की जांच और संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं फसल चोरी, तालाब निर्माण की लंबित राशि, अवैध कब्जे और गैस एजेंसी में ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।

### अन्य शिकायतों पर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए

विज ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 7 परिवादों का मौके पर ही समाधान करवाया। मधुबन कॉलोनी की सीवरेज समस्या का समाधान जन स्वास्थ्य विभाग ने सफाई करवाकर किया। दुर्घटना और अन्य शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए। प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री की जांच कर उसे सील करने के आदेश दिए गए। फतेहपुर गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए पाइप लाइन बिछा दी गई, जबकि रसूलपुर गांव में ब्रेकर निर्माण के लिए टेंडर जारी कर 30 जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। मौके पर डीसी प्रीति, एसपी कमलदीप गोयल, नगर निगम आयुक्त महावीर प्रसाद, यमुनानगर के विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, साढौरा की विधायक रेणु बाला, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर नगर निगम सुमन बहमनी आदि मौजूद रहे।

# रंजिश में खूनी संघर्ष, चाकूबाजी में एक की मौत, दो लोग घायल

- पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में दो पक्षों के बीच झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शहर की विद्यानंद कालोनी में गुरुवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस हिंसक झड़प में दूसरे पक्ष द्वारा किए गए ताबड़तोड़ चाकूबाजी के हमले में 3 युवकों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि 2 अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक और घायल एक ही परिवार से हैं। तीनों आपस में भाई लगते हैं। जोकि ईद मनाकर रात को पैदल घूमने निकले थे। गुरुवार रात को किसी पुरानी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। शुरुआत में उनके बीच तीखी कहासुनी और गाली-गलौज हुई लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों के साथ-साथ तेजधार चाकू निकल आए। झगड़े के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में जुनैद, मेहताब और सईद को छाती और पेट में गहरे चाकू लगे, जिससे तीनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। लोगों ने खून से लथपथ तीनों युवकों को पानीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद जुनैद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### हथनीकुंड बैराज पर बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर आठ से शुरू

**यमुनानगर।** जिले के हथनीकुंड बैराज पर आठ जून से 12 जून तक राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला उपायुक्त प्रीति ने बताया कि शिविर का आठ जून को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगा और 12 जून को सुबह 10 बजे इस शिविर का समापन होगा। उपायुक्त ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

### रोहित सरदाना स्मृति अवार्ड से सम्मानित हुए अमित पांडे

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 29 मई 2026 को केयूके पॉडकास्ट लॉन्च कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अमित पांडे को रोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान एवं मेमोरियल अवार्ड-2026 प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को आयोजित रोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान एवं मेमोरियल अवार्ड-2026 समारोह में अमित पांडे किसी आवश्यक कारणवश उपस्थित नहीं हो सके थे।

# घायलों की जान बचाने पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में सड़क हादसे में घायल लोगों की मदद कर मानवता की मिसाल पेश करने वाली इंडसइंड बैंक की दो महिला कर्मचारियों निधि और आशिमा को पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने राहवीर पॉलिसी के तहत सम्मानित किया। दोनों महिलाओं को प्रशंसा पत्र दिया गया और जल्द ही 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। 22 मई को दोनों महिलाओं ने नथनपुर क्षेत्र में सड़क हादसे के दो घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में मदद की थी। एसपी ने कहा कि समय पर मदद मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है।



**यमुनानगर।** घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाली महिलाओं को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक। फोटोः हरिभूमि

DELHI PUBLIC SCHOOL
YAMUNA NAGAR-JAGADHRI
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, New Delhi)

SERVICE BEFORE SELF

Heartiest Congratulations
EXCELLENCE !
CLASS XII & X RESULTS 2025-2026
HARD WORK TODAY, BRIGHTER FUTURE TOMORROW!

CLASS XII
- Total students appeared - 112
- No of students more than 90% - 16
- No of students more than 80% - 53
- No of students more than 70 % - 93

CLASS X
- Total students appeared - 121
- No of students more than 90% -20
- No of students more than 80% - 48
- No of students more than 70 % - 77

ADMISSION OPEN
CLASS XI ALL STREAMS

CLASS XII school TOPPERS
97.4% HITANSH
97.2% SAMARTH
97% ANIKA
95.6% DEVANSHA
94.6% SANSKRITI
94.2% MAHIMA
93.4% PANISHTI
93% VED
93% VEDANT
92.4% ANUPRIYA
92.4% MAMTA
92% PRACHI GARG
92% SEHAJ
91.8% HITESH
91.6% JOSH
91% ABBIR

96.2% AARNAV PAL GUPTA
95.6% DHAIRYA SINGHAL
95.4% JOYANA
95.2% VEDANT BINDRA

CLASS X school TOPPERS
97.4% DIYA
97.4% SHIVANG KAWATRA
95% BHUPESH
94.8% ANIRUDRA SINGLA
94.4% LAGAN KUMAR
94% MANSIRAT KAUR
93.8% VEDIKA KAMBOJ
92.8% BHUWAN SINGLA
91% PRANAV GARG
90.8% KASHVI GOEL
90.6% KETAN SINGH
90.4% ANANYA GOEL
90% SHAIL
90% PRABHREET KAUR
89.4% ISHMAN GILL
89.4% HARSIMRAT KAUR

+91 9992013400 www.dpsyammunanagar.com
NURTURING MINDS. BUILDING TOMORROW.

# सड़क सुरक्षा मामलों में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में संबंधित विभागों के कार्यकारी अभियंता, एसई अथवा प्रोजेक्ट डायरेक्टर ही बैठकों में भाग लें।

■ अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सड़कों की मरम्मत, गड्ढे भरने और नालों पर स्लैब डालने जैसे कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। शहर में दुकानों के बाहर अवैध कब्जों और निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे बारिश के दौरान विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी का मुद्दा भी बैठक में उठा, जिस पर संबंधित एजेंसियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत बसों की जांच बढ़ाने के निर्देश एसडीएम और आरटीए अधिकारियों को दिए। बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2026 में 142 स्कूल बसों की जांच की गई, जबकि असंध क्षेत्र में तीन बसों के चालान काटे गए। बैठक में विभिन्न सड़कों की मरम्मत और गड्ढे भरने की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। फुरलक-गगसीना रोड पर कार्य जारी होने तथा मंजूरा-हथवाला रोड के लिए डीपीआर तैयार कर सरकार को भेजे जाने की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि अप्रैल 2026 में 28 हजार 408 चालान काटे गए और 80 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। इनमें ओवर स्पीड, बिना हेलमेट, गलत दिशा में वाहन चलाने, गलत पार्किंग और लालबत्ती उल्लंघन जैसे मामलों के चालान शामिल हैं। वहीं आरटीए विभाग ने 264 चालान काटकर एक करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला। आईआरएडी की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से अप्रैल 2026 तक जिले में 239 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 118 लोगों की मौत और 227 लोग घायल हुए। हिट एंड रन के 122 मामलों में से 108 मामलों को मुआवजे के लिए मंजूरी दी जा चुकी है।



करनाल। जिला सचिवालय सभागार में बैठक लेते उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, राजेश सोनी, रमन गुप्ता, अशोक कुमार, आरटीओ विजय देशवाल, डीएसपी राजीव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ट्रक चोरी का झूठा मामला दर्ज कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** थाना बुटाना पुलिस ने ट्रक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता ने अपने साथी के साथ मिलकर ट्रक बेचने के बाद बीमा क्लेम लेने के उद्देश्य से झूठी चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। बलबीर सिंह निवासी गांधी नगर, थानेसर ने शिकायत दी थी कि उसका ट्रक समाना बाहु जीटी रोड स्थित ढाबे के सामने से 6 मई की रात चोरी हो गया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रबंधक राजपाल सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक सचिन कुमार की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर जांच की तो सामने आया कि ट्रक चोरी नहीं हुआ था। बलबीर सिंह और उसके साथी अमरजीत सिंह ने स्वयं ट्रक को बेच दिया था और बाद में बीमा राशि हासिल करने के लिए फर्जी शिकायत दर्ज करवा दी

### 21 जून को मनाया जाएगा योग दिवस

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम अनाज मंडी करनाल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने आयुष, पंचायत, परिवहन, पर्यटन, पुलिस, खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों व अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी हर्ष के साथ दोस्ती थी। इसके बाद हर्ष उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। गत 21 अप्रैल को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ देकर भी उसके साथ गलत काम किया।

# किशोरों को कानूनी सहायता एवं अधिकारों की जानकारी दी



■ प्लेस ऑफ सेफ्टी व वरिष्ठ नागरिक केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे किशोरों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल की टीम एवं डॉ. एस.पी. सिंगल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें किशोरों की त्वचा संबंधी बीमारियों की जांच कर एलर्जी व फंगस जैसी समस्याओं के लिए दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर सुपरिटेंडेंट अजय कुमार और पैनल अधिवक्ता मीनाक्षी गुप्ता भी मौजूद रहीं। सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक केंद्र में भी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यहां सिविल अस्पताल की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच कर जरूरतमंदों को दवाइयां उपलब्ध कराईं। सचिव मीनाक्षी यादव ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# एसडीएम ने की राजनीतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने की अपील

■ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र करनाल में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि जिन बूथों पर अभी तक बीएलए-2 की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां जल्द नियुक्ति सुनिश्चित कर उसकी प्रति निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाई जाए।विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ की नियुक्ति की जा चुकी है, जो 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। विशेष पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 5 से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण होगा। 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा, जबकि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी।


करनाल। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक लेते एसडीएम।

### नशा मुक्त जिला बनाने के लिए सभी विभाग मिल कर करें कार्य : एडीसी

**करनाल।** एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है और इससे निपटने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली और क्विज जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए।

लघु सचिवालय में जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को केमिस्ट दुकानों पर नियमित निरीक्षण करने और नशे से संबंधित दवाइयां मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी रिकॉर्डिंग कम से कम सात दिन तक सुरक्षित रखी जाए।

# राजकीय विद्यालय भादसों और बीबीपुर जाटान को मिला सीएम श्री स्कूल का दर्जा

■ विधायक रामकुमार कश्यप का आभार प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान को सीएम श्री स्कूल का दर्जा दिलवाने के लिये खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह मढ़ान के नेतृत्व में सैंकड़ों ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग विश्राम गृह पहुंचकर विधायक रामकुमार कश्यप का आभार प्रकट किया तथा मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों तथा बीबीपुर जाटान को सीएम श्री स्कूल का दर्जा प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल व शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सीएम श्री स्कूल योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की पीएम श्री योजना की तर्ज पर राज्य के सरकारी स्कूलों को उच्च-गुणवत्ता वाले, आधुनिक और संसाधन-संपन्न शिक्षण संस्थानों में बदलना है। उन्होंने बताया कि सीएम श्री स्कूल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों पर आधारित होंगे। इन स्कूलों में डिजिटल कक्षाएं, स्मार्ट लैब, उन्नत पुस्तकालय, खेल-कूद की बेहतरीन सुविधाएं और प्रशिक्षित शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा शिक्षा के हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।


इंद्री। खंड के दो स्कूलों को सीएम श्री स्कूल का दर्जा मिलने पर विधायक का आभार प्रकट करते खंड शिक्षा अधिकारी व ग्रामीण ।

# लाखों का सीमेंट व डीजल बेचकर ट्रक ड्राइवर फरार

■ जीपीएस से खुली पोल, मंडी में लावारिस खड़ा मिला ट्रक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल में एक सनसनीखेज धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक ट्रक ड्राइवर अपने ही मालिक को लाखों रुपये का चूना लगाकर रफूचक्कर हो गया। आरोपी ड्राइवर ट्रक में लोड जेके सुपर सीमेंट के कट्टे और गाड़ी का डीजल बेचकर फरार हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोनीपत के गोहाना (गांव छिछड़ाना) निवासी ट्रक मालिक राजेश कुमार ने बताया कि उनके पास हांसी रोड करनाल निवासी रणजीत सिंह पिछले 4 महीने से ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। 26 मई को रणजीत झाड़ली स्थित जेके सुपर सीमेंट प्लांट से 840 बैग सीमेंट लोड करके करनाल डिपो (पिगली चौक) के लिए निकला था।

जब ट्रक समय पर डिपो नहीं पहुंचा, तो राजेश कुमार ने जीपीएस सिस्टम से लोकेशन चेक की। ट्रक नई सब्जी मंडी में खड़ा मिला। मौके पर जाकर जब जांच की गई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। ट्रक में कुल 840 बैग थे, जिनमें से 184 बैग गायब मिले। बचे हुए 656 बैग डिपो पर उतरवाए गए। आरोपी ड्राइवर गाड़ी से करीब 6,000 रुपये का डीजल भी निकालकर बेच गया।

# हाईवे पर अज्ञात गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

■ एक पीजीआई रोहतक रेफर, आरोपी ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल में नेशनल हाईवे-709A पर मुंड और बाहरी गांव के बीच देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब साढ़े 12 बजे की है। बाहरी गांव का रहने वाला नवीन राणा अपने दोस्त राजेश कुमार और एक अन्य साथी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था।



इसी दौरान पीछे से आई एक गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और ड्राइवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। हादसे में बसी गांव के रहने वाले राजेश कुमार और बाहरी गांव के नवीन राणा की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### टुल्लू पंप लेने आया था

मृतक राजेश कुमार के बड़े भाई ने बताया कि 42 वर्षीय राजेश असंध में टुल्लू पंप लेने के लिए आया था और काम खत्म कर वापस घर जा रहा था। सुबह उन्हें उसके निधन की सूचना मिली। राजेश बिजली का काम करता था और अविवाहित था।

## न्यूज डायरी

### गैस सिलेंडर से निकला 10 किलो पानी



**करनाल।** रसोई गैस उपभोक्ताओं के अधिकारों और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का एक बेहद हैरान करने वाला मामला करनाल में सामने आया है। यहां एक उपभोक्ता के घर आए एलपीजी सिलेंडर से गैस की जगह भारी मात्रा में पानी निकला है। सिलेंडर के अचानक बंद होने और उसे हिलाने पर पानी की आवाज आने के बाद इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। कुंजपुरा निवासी उपभोक्ता राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने गत 10 मई को नया सिलेंडर लगाया था। महज 18 दिन में ही सिलेंडर की गैस खत्म हो गई और चूल्हा बंद हो गया। जब उन्होंने सिलेंडर को दोबारा चालू करने के लिए हिलाया, तो उसके भीतर छलकते हुए पानी की तेज आवाज आई। शक होने पर वह तुरंत सिलेंडर उठाकर सीधे गैस एजेंसी पहुंच गए। राजेश कुमार ने गैस एजेंसी के संचालक और कर्मचारियों के सामने जब सिलेंडर को उल्टा किया, तो उसमें से करीब 10 किलो पानी बाहर निकला। इस नजारे को देखकर वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। उपभोक्ता का सीधा आरोप है कि गैस के नाम पर उनके साथ सीधा धोखा और ठगी की गई है। मामला बढ़ता देख एजेंसी संचालक ने उपभोक्ता को शांत करने के लिए 400 का मुआवजा थमाकर समझौता करने की कोशिश की। पीड़ित राजेश कुमार ने सवाल उठाया कि जितनी गैस इस्तेमाल हुई, उतने पैसे काटकर बाकी के नाम पर सिर्फ 400 दे दिए गए, लेकिन जब सिलेंडर इतना महंगा है तो उपभोक्ताओं के साथ इस तरह की बड़ी गड़बड़ी और धोखाधड़ी क्यों की जा रही है?

### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई



**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा शुक्रवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणाधीन सहायक पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल, उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार तथा उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह का संचालन भलाई निरीक्षक संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में निरीक्षक ईलम सिंह, निरीक्षक सतपाल सिंह, निरीक्षक सुखबीर सिंह, उप निरीक्षक रणजोर सिंह, सहायक उप निरीक्षक तेजपाल, जसवंत सिंह, चरण सिंह, मुख्य सिपाही राज सिंह तथा फार्मासिस्ट डॉ. रणबीर सिंह को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। सहायक पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय तक ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा देना गर्व की बात है तथा विभाग को भविष्य में भी इनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए और पुलिस विभाग के साथ बिताए वर्षों को याद किया। अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना

# विधायक कश्यप ने लाभार्थियों को किए चेक वितरित

■ तीन लाभार्थियों को 1.12 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने मार्केट कमेटी कार्यालय इंद्री में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत तीन लाभार्थियों को 1 लाख 12 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता के चेक वितरित किए।

इस दौरान उन्होंने गांव धूमसी निवासी रोशन लाल को 37500 रुपये, गांव गढ़पुर खालसा निवासी जगदीश कुमार को 37500 रुपये व गांव बदरपुर निवासी अमर सिंह को 37500 रुपये की वित्तीय सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना किसानों व खेतिहर मजदूरों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्किट यार्ड में या इन स्थानों पर आते-जाते वक्त यदि कोई किसान या मजदूर दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो उसे विशेष सहायता प्रदान की जाती है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन्हीं योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना है। इस योजना में पीड़ित को 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नियंत्रण तथा निरीक्षण में मार्केट कमेटी द्वारा चलाई जाती है।


इंद्री 1 मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक देते विधायक रामकुमार कश्यप ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, वाईस चेयरमैन दीपक बंसल, विजय कश्यप, सुभाष खेड़ा, नरेश कुमार, सुनील खेड़ा, वीना, समे सिंह व राजिन्द्र आदि मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार व एसी पाइप चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी की नई अग्रसेन कॉलोनी से चोरों ने निर्माणधीन मकान में घुसकर बिजली की तारे व एसी के पाइप चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सरस्वती कॉलोनी जगाधरी निवासी रमेश कुमार ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में भी शिकायत में बताया कि वह न्यू अग्रसेन कॉलोनी में मकान बना रहा है। 27 मई को देर शाम वह काम खत्म करवा कर अपने घर आ गया था। सुबह जब वह अपने निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो वहां से सामान गायब मिला। मकान से आठ बिजली के बंडल तथा एसी के पाइप गायब थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर पशु पालक रहें सजग

**पानीपत।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने अब पशुधन पर भी गंभीर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से पशुओं में हीट स्ट्रेस तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण दूध उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक कमी दर्ज की जा रही है। इसके अलावा पशुओं की खान-पान क्षमता, वजन और प्रजनन क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि वर्तमान हीट वेव की स्थिति केवल इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि पशुधन के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण है।

### चेक बाउंस केस में 4 आरोपी भगोड़े घोषित

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायलय में चेक बाउंस के अलग-अलग मामलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर लंबे समय से फ रार चल रहे 4 आरोपियों पर कोर्ट ने कड़ा शिकंजा कसा है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डा.तरुण कुमार वर्मा की कोर्ट ने बार-बार समन और धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी होने के बावजूद पेश न होने पर इन चारों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। वहीं इसके साथ ही कोर्ट के सख्त आदेश पर पानीपत शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालती आदेश की अवहेलना का एक नया आपराधिक केस भी दर्ज कर लिया है।

### पति ने कार न मिलने पर पत्नी को छोड़ा

**पानीपत।** पानीपत की ईदगाह कालोनी में रह रही एक विवाहिता ने अपने सरकारी नौकरीशुदा पति, ससुर और जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीडऩ, करूरता, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और पहली शादी की बात छिपाकर धोखा देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए बस रवाना

**पानीपत।** आज मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना हुई। जिसको श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड के संरक्षक विनोद पांचाल एवं प्रधान राजकुमार पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान रोहतास पांचाल, भाजपा नेता ईसम कुमार पांचाल, विजेंद्र पांचाल, सुरेश पंचाल, रकम सिंह व राम कुमार ने नारियल तोड़कर रवाना किया।

### छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कालेज का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कालेज के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उन्हें शुभाशीष एवं बधाई दीं। कालेज के प्राचार्य डा. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को कहा कि सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पानीपत में स्वास्थ्य क्रांति, 22 करोड़ से ऊपर की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

# गरीब के इलाज में नहीं आएगी पैसों की कमी: कृष्ण लाल पंवार

**हर गांव तक पहुंचेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आयुष्मान योजना से लाखों मरीजों को मिला जीवनदान
- मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन के बीच गूंजा सभागार, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार का बड़ा संकल्प

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज जिला नागरिक अस्पताल में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से मंत्री का बुके और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पंचकूला से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का लाइव संबोधन भी प्रसारित किया गया, जिसे कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार समेत उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों और गणमान्य व्यक्तियों ने सुना। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला नागरिक अस्पताल पानीपत में 10 करोड़ की लागत से तैयार एमआरआई सेंटर तथा एसएनएसपी क्लीनिक का उद्घाटन भी किया और पीएचसी काबड़ी, पीएचसी सींक, एसएचसी परढ़ाना, एसएचसी पाथरी, एसएचसी शाहपुर, एसएचसी खोजकीपुर और एसएचसी भाऊपुर सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

### सरकारी अस्पताल होंगे ज्यादा सुविधाओं से लैस


पानीपत। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए।


पानीपत। कार्यक्रम के दौरानमुख्यमंत्री नायब सिंह का लाइव प्रसारण देखते हुए मंत्री।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली मजबूती

पीएचसी काबड़ी पर लगभग 458.55 लाख रुपये तथा पीएचसी सींक पर लगभग 484.76 लाख रुपये की लागत से कार्य करवाए जाएंगे। वहीं एसएचसी परढ़ाना, पाथरी, शाहपुर, खोजकीपुर और भाऊपुर पर लगभग 55.50 लाख रुपये प्रति केंद्र की लागत से निर्माण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों का निष्पादन जिला परिषद के माध्यम से किया जा रहा है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहर तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हुई है। मंत्री ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक जिले में 85 हजार 532 लाभार्थियों ने लगभग 20 करोड़ रुपये का कैशलेस उपचार प्राप्त किया है। इनमें सरकारी अस्पतालों में 40 हजार 369 मरीजों का लगभग 9 करोड़ 6 लाख रुपये तथा निजी अस्पतालों में 43 हजार 163 मरीजों का लगभग 10 करोड़ 93 लाख रुपये का इलाज हुआ। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर 2018 से 30 अप्रैल 2026 तक जिले में करीब 2 लाख 30 हजार मरीजों ने आयुष्मान योजना के तहत लगभग 342 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी व्यक्ति का इलाज न रुके।

### आयुष्मान योजना से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सशक्त

मंत्री ने बताया कि जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कुल 88 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें 24 सरकारी और 64 निजी अस्पताल शामिल हैं। वहीं लाभार्थी पहचान प्रणाली के तहत जिले में अब तक 7 लाख 64 हजार 554 कार्ड बनाए जा चुके हैं। इनमें एसईसीसी श्रेणी के 1 लाख 77 हजार 178, चिरायु योजना के 4 लाख 85 हजार 416, चिरायु एक्सटेंशन के 1487, कैशलेस योजना के 3166, कैशलेस पेंशनर योजना के 917 तथा वीडब्ल्यूएस योजना के 8553 कार्ड शामिल हैं। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में अब हर प्रकार की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 1800 से 2000 थी, जिसे बढ़ाकर 4 से 5 हजार तक किया गया है। इससे प्रदेश में डॉक्टरों की कमी दूर होगी और स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने करोड़ों लोगों की जान बचाने का कार्य किया। भारतीय वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने वैक्सीन बनाकर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे गरीब बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य जांच करें तथा बीमारी फैलने की आशंका होने पर तुरंत दवाइयां उपलब्ध कराएं। मंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण स्वच्छता और पर्यावरण सुधार को लेकर भी गंभीर है। गांवों में प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से कूड़ा डंपिंग स्थलों तक पहुंचाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के 19 हजार तालाबों के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 2200 तालाबों पर कार्य जारी है। इन स्थानों पर लाइट, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में लगातार वृद्धि की जा रही है ताकि आम व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## दीवान अस्पताल में हेल्थ फेस्टिवल वीक मनाया


पानीपत। अंसल सुशांत सिटी के दीवान अस्पताल में हेल्थ फेस्टिवल वीक कार्यक्रम में कंचन सागर जागरूक करते हुए।

- जीवनशैली को देखते हुए स्वस्थ रहना मनुष्य के लिए जरूरी : कंचन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आज की जीवनशैली को देखते हुए स्वस्थ रहना प्रत्येक मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। इसी को देखते हुए पानीपत की अंसल सुशांत सिटी के दीवान अस्पताल में हेल्थ फेस्टिवल वीक मनाया जा रहा है। जहाँ विभिन्न बीमारियों का फ्री चैकअप किया जा रहा है। जिसमें दूर-दूर से आए मरीज इस सेवा का लाभ उठा रहें हैं।

आज दीवान अस्पताल और नारी कल्याण समिति के तत्वावधान में दीवान अस्पताल में निःशुल्क जांच एवं परामर्श चिकित्सा शिविर में आयोजित वार्ता में नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर ने ये शब्द कहे। चिकित्सा अधीक्षक डा.ललित गर्ग,डा.सुमति सैनी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सलाहकार, डा.अर्पित गोयल हड्डी रोग विशेषज्ञ सलाहकार एवं डा. नीरज दीवान चिकित्सा निदेशक दीवान अस्पताल ने स्वास्थ्य सम्बंधित कईं जानकारियों से अवगत कराया। अच्छा स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे बड़ा अनमोल खजाना है। पैसों से सिर्फ सुख सुविधाएं खरीदी जा सकती हैं लेकिन स्वास्थ्य नहीं। यदि शरीर स्वस्थ है तो अस्पताल और दवाईयों पर होने वाले खर्च से बचा जा सकता है। यहां विभिन्न डॉक्टर्स की टीम ने आई हुई महिलाओं और पुरुषों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान कीं। इस आयोजित कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरपर्सन सरोज आहुजा एवं को-चेयरपर्सन नीलम मेहता एवं नीलम नागपाल रहीं। उप-प्रधान सरोज आहुजा ने कहा कि नारी कल्याण समिति समय-समय पर चिकित्सा शिविर आयोजित करती रहती है।

### ये रहे मौजूद

हेल्थ प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सुमन सिंगला, ज्योत्स्ना गर्ग, ज्योतिका सक्सेना, शशि शर्मा, निशा गर्ग, बबीता गर्ग, सुनीता गुलाटी, सरोज आहुजा, नीलम नागपाल,नीलम मेहता,रमेश बुद्धि राजा, राज नंदा, योजना रोहिला,रजनी बेनीवाल ,रश्मि अखोरी, सुनीता गुलाटी आदि शामिल रहीं।

## इनेलो पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में 1 जून को करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन नेशनल लोकदल की जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक जिला प्रभारी धर्मेंद्र ढुल ने जी.टी.रोड स्थित राठी फार्म हाउस पर हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। बैठक को धर्मेंद्र ढुल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोंधित करते हुए कहा कि 1 जून को पेट्रोल, डीजल की बढ़ती महंगाई, बाहरी युवाओं को रोजगार देने बारे को लेकर जिला मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसको लेकर के जिला संयोजक हल्का के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई ताकि प्रदर्शन को सफ ल किया जा सकें। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, दुकानदार, युवा और समाज के सभी वर्गों का शोषण करने का काम किया। धर्मेंद्र ढुल ने कहा कि 1 जून के प्रदर्शन के मुख्यअतिथि इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला व अन्य कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेगें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, पूर्व विधायक भरत सिंह छौकर, हलका अध्यक्ष राजेंद्र जागलान, राजेश जटटीपुर, मनोज जोरासी ,शमशेर देशवाल, जतिन मनोचा, अंकिता, कृष्ण भोकर, डा.नवीन नैन, राजू नांदल, सतबीर अलूपुर,लखपत रोड ,प्रवीण मलिक, सरोज बालागुर, रणधीर देहरा,अमरजीत मलिक, शिशपाल फोर आदि रहे।


पानीपत। इनेलो जिला प्रभारी धर्मेंद्र ढुल पनीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक के दौरान।

### आपसी सहयोग से धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करने से बढ़ता है भाईचारा: रितेश गर्ग

**पानीपत।** रेलवे रोड स्थित लोहिया बिल्डिंग के पास कई दुकानदारों एवं समाजसेवी लोगों द्वारा मिलकर कढ़ी-चावल का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर किया। भंडारे में सेवा करने पहुंचे प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट रीतेश गर्ग ने आयोजन को लेकर सभी दुकानदारों एवं सहयोगियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कार्य आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। हर व्यक्ति को अपनी सामथ्य के अनुसार दान-पुण्य अवश्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया।

## युवक का अपहरण कर जबरन वसूली और लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

किशनपुरा चौकी पुलिस ने युवक का अपहरण कर जबरन वसूली व लूट करने के आरोपी को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान किशनपुरा हाल मुखिजा कॉलोनी निवासी संजय उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

किशनपुरा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर कटार सिंह ने बताया कि किशनपुरा चौकी में विद्यानंद कॉलोनी निवासी महावीर पुत्र गिरीराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पावरलूम मशीन चलाने का काम करता है। उसने मुखिजा कॉलोनी निवासी संजय उर्फ काला पुत्र सुलतान के 50 हजार रूपए देने थे। संजय उर्फ काला ने फोन कर पैसे मांगे तो वह 25 मई की शाम करीब 9 बजे 50 हजार रूपए का चेक लेकर संजय को देने के लिए गोहाना रोड पर गया था। वह दुर्गा हैण्लूम के पास खड़ा होकर संजय का इंतजार करने लगा। संजय अपनी मां के साथ स्कूटी पर सवार होकर वहा आया और आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। संजय ने अपने और दो साथियों को बुला लिया।

तीनों आरोपी उसको जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर गोहाना रोड पर सुनशान जगह पर ले गए और वहा उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया व जेब से 8 हजार रूपए निकाल लिए। आरोपियों ने धमकी देकर उसकी वीडियों बनाई और उसकी बाइक देकर किसी को बताने पर जांन से मारने की धमकी दी।


पानीपत। युवक का अपहरण करने का आरोपी पुलिस टीम के साथ।



पानीपत। माकपा के सदस्य लघु सचिवालय के सामने ईड़ी जांच एजेंसी का पुतला दहन करते हुए।

### माकपा ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर ईडी की रेड के विरोध में किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

**पानीपत।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी केनेतृत्व में लघु सचिवालय के सामने पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास पर भाजपा केंद्र की मोदी सरकार के पालतू तोते ईडी जांच एजेंसी द्वारा राजनीतिक रंजिश विपक्ष को खत्म करने की षड्यंत्र के तहत डाली गई रेड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्टी राज्य कमेटी सदस्य कामरेड सुनील दत्त, जिला सचिव डा.सुरेंद्र मलिक, जिला केंद्र सदस्य राजपाल, जिला कमेटी सदस्य राजेंद्र छौक्कर, जयभगवान ,दिलावर सिंह, कुंवर सिंह ,गुलाब, कर्मवीर,एसए खान,राजू डाहर, शीशपाल शर्मा आदि कर रहे थे। माकपा नेताओं ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार और कांग्रेस नेतृत्व वाली यूडीएफ की केरल सरकार के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैर से लेकर सर तक भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा-कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारों की देशद्रोही नई आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया।

## एमए इतिहास में प्रथम आने पर मोहित का पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहिम प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ के अंतर्गत इतिहास विभाग एवं इको क्लब की ओर से सम्मान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमए इतिहास प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मोहित को ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर इतिहास दलजीत कुमार ने सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं इसके साथ ही एमए इतिहास के पूर्व छात्र सचिन तथा प्रथम वर्ष के छात्र धर्मेंद्र को भी प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान के अंतर्गत पगड़ी पहनाकर हर्बल बॉटनिकल गार्डन में अमरूद का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब और इतिहास विभाग का छात्र मोहित शिक्षा के साथ-साथ इको क्लब के तहत प्रकृति संरक्षण के कार्यों में लगातार अच्छे कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण, श्रमदान और महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा, ग्रीन भारत अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। पौधारोपण से ही बनेगा ग्रीन पानीपत कार्यक्रम में ग्रीनमैन के साथ मोहित, धर्मेंद्र, शमीर, सचिन, अमित माली तथा पब्लिक हेल्थ विभाग से पवन ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण में सहयोग दिया।


पानीपत। प्रकृति बचाओ- सम्मान पाओ के तहत पगड़ी पहनाकर सम्मान करते हुए।


पानीपत। बार एसोसिएशन ने पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन करते हुए।

### पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों का किया अभिनंदन

**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्यों डा. बिजेंद्र सिंह अहलावत, कर्मजीत सिंह चौधरी, प्रदूमन गर्ग, प्रदीप परमार, शर्मिला शर्मा व अमरजीत कौर खुराना का अभिनंदन किया गया। बार कौनकिल के सदस्यों ने उनके अभिनदन के लिए बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एव सदस्यों का धन्यवाद किया। जिला बार प्रधान सुरेंद्र ढुहन ने बार काउंसिल सदस्यों के समक्ष अपनी मांगें रखी जिनमें अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू करवाने, मृत्यु व बीमारी की स्थति में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करवाने की मांग की। बार काउंसिल के सदस्यों ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। डा. विजेंदर अहलवात ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण फंड के लिए सरकार के बजट में व्यवस्था करने के लिए बार काउन्सल पुनः मुख्यमंत्री से मिलेगी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का जन आंदोलन: एडीसी

- 16 से 18 जून तक जिला स्तर पर तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 को सफल एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की तथा विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित की। बैठक में जानकारी दी गई कि 15 जून को जिला स्तर पर योग मैराथन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस योगा-मैराथन में स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविद्यालय, आमजन, योग संस्थान, पुलिस कर्मी, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट्स एवं गाइड्स भाग लेंगे। स्कूली बच्चे हाथों में योग स्लोगन लिखे बैनर एवं तख्तियां लेकर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेंगे। योग मैराथन का मार्ग जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया जाएगा। 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केंद्र स्टाफ एवं इच्छुक आमजन भाग लेंगे।

### रेडक्रास ने युवाओं को प्राथमिक सहायता सिखाई

**पानीपत।** रेडक्रास भवन में लगभग 150 युवक-युवतियों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसाइटी के प्रधान डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। हरियाणा रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिंगलानी, महासचिव डॉ. सुनील कुमार तथा गौरव राम करण की अगुवाई में युवाओं को प्राथमिक उपचार, सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द और प्रवक्ता कला भारद्वाज ने बेहोशी, मिर्गी के दौरे तथा गले में वस्तु फंसने जैसी आपात स्थितियों में सहायता करने के महत्वपूर्ण तरीके बताए।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह

# देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए द्वार 24 घंटे खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल परिसर में हरियाणा भाजपा नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के भाजपा नेताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। श्याम कमल पहुंचने पर सबसे पहले भाजपा जिला प्रभारी अशोक गुज्जर, भाजपा नेता हरपाल ढांडा, जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ,जिला महामंत्री सुनील कंसल, सुमित जागलान, कृष्ण छौक्कर, राहुल विज,धर्मपाल जागलान, संजीव दहिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, मेयर कोमल सैनी ,संजय त्यागी ,ओमदत आर्य, तरुण पसरीजा, रमेश सैन अहरिया, सुधीर सलूजा, धर्मपाल चोपड़ा, सतीश सहगल, अनीता चावला,रविंदर तुषामड, आर डी कल्याण के अलावा सभी मंडल प्रभारी ओर मंडल अध्यक्षों ने नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत किया । इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भाजपा शीर्ष नेतृत्व के सभी आदेशों का पालन करेंगी और देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले रहेंगे। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी समय उनसे संपर्क कर अपनी बात रख सकता है। वहीं बबैल मंडल के सचिव सुनील प्रजापति एवं जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी ने अपनी टीम के साथ नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। उधर भाजपा पार्षद नवल जिंदल एंव समाज सेवी गौरव गोयल ने डाक्टर अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर उन्हे शुभकामनाएं दी।


पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का अभिन्नदन करते हुए पार्षद नवल जिंदल व गौरव गोयल।

## खबर संक्षेप

### शहजादपुर में शुरू हुई सूरजमुखी की खरीद

**शहजादपुर।** अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद विधिवत रूप से शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर मार्किट कमेटी शहजादपुर के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, वाईस चेयरमैन जगदीप राणा, सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी अनिल पाल तथा हैफेड खरीद एजेंसी शहजादपुर की प्रतिनिधि गुरविन्द्र कौर मौजूद रहे। चेयरमैन गोपाल मित्तल ने बताया कि सरकार द्वारा सूरजमुखी की फसल के लिए 7721 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किया गया है, जिसके तहत किसान अपनी फसल अनाज मंडी में बेच सकते हैं। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए मंडी प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

### पुलिस ने 10 सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी विदाई

**अंबाला।** अंबाला पुलिस द्वारा पुलिस ऑफिसर इंस्टीट्यूट, अम्बाला शहर में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में विशेष विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभाग में वर्षों तक कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव से कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करना था। इस समारोह में उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

### संगठन की विचारधारा को घर घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता : देवेंद्र



**मुलाना।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीर देवेंद्र सिंह ने पदभार ग्रहण कर संगठन को मजबूती प्रदान करने और जनहित की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। वीर देवेंद्र सिंह ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद वरुण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष फोम लाल, विधायक पूजा चौधरी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

### सांसद वरूण चौधरी ने दिया था 31 मई को धरना देने का अल्टीमेटम

# मारकंडा में डीसिल्टिंग कार्य शुरू मानसून से पहले राहत की उम्मीद

लंबे समय से मारकंडा नदी की सफाई नहीं होने के कारण उसमें भारी मात्रा में जमा हो गई थी सिल्ट, मिट्टी और रेत



**मुलाना।** मारकंडा नदी में खुदाई का कार्य करते हुए जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

गांव हेमा माजरा के पास से गुजर रही मारकंडा नदी में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा डीसिल्टिंग (सफाई) का कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से नदी की सफाई नहीं होने के कारण उसमें भारी मात्रा में सिल्ट, मिट्टी और रेत जमा हो गई थी, जिससे नदी की जल वहन क्षमता लगातार कम होती जा रही थी। इसका सबसे बड़ा असर बरसात के दिनों में देखने को मिलता था, जब नदी का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के गांवों और खेतों में घुस जाता था। ग्रामीणों और किसानों के अनुसार हर वर्ष मानसून के दौरान गांव हेमा माजरा सहित आसपास के क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती थी। खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूबकर खराब हो जाती थीं, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता था। कई बार ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंच जाता था, जिससे घरेलू सामान खराब होने के साथ-साथ लोगों को आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में जमा सिल्ट के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया था और थोड़ी सी अधिक बारिश होने पर पानी गांवों की ओर रुख कर लेता था। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने अब युद्ध स्तर पर डीसिल्टिंग कार्य शुरू किया है। विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से यह कार्य कराया जा रहा है। मौके पर पोकलेन मशीन, जेसीबी और टिप्परों की मदद से नदी में जमा मिट्टी, सिल्ट और रेत को हटाया जा रहा है। विभाग का कहना है कि इससे नदी का बहाव सुचारू होगा और मानसून के दौरान बाढ़ का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार डीसिल्टिंग से न केवल जल निकासी बेहतर होगी बल्कि सरकार को रॉयल्टी के रूप में राजस्व भी प्राप्त होगा। साथ ही किसानों की फसलें और ग्रामीणों की संपत्ति सुरक्षित रह सकेगी। विभाग द्वारा कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि इसे तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। एसडीओ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग शिखा बंसल ने बताया कि मानसून से पहले नदी की जल वहन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मारकंडा नदी क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा है और इसका सुचारू प्रवाह बनाए रखना विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य समय पर पूरा हो ताकि बरसात के दौरान जलभराव और बाढ़ की समस्या पैदा न हो।

#### विधानसभा में भी गूंज चुका है प्रदेश की नदियों में जमा रेत का मुद्दा

गौरतलब है कि मारकंडा नदी में जमा रेत और सिल्ट को हटाने का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठता रहा है। विधायक पूजा चौधरी इस विषय को विधानसभा में उठा चुकी हैं। वहीं सांसद वरुण चौधरी ने भी सरकार को घेरते हुए 31 मई को मारकंडा नदी पर धरना देने की चेतावनी दी थी। माना जा रहा है कि बढ़ते जनदबाव और जनहित को देखते हुए सरकार ने अब तेजी दिखाते हुए नदी की सफाई का कार्य शुरू करवाया है। ग्रामीणों और किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इस बार बरसात में उन्हें पिछले वर्षों जैसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## एसडीओ पर कर्मचारियों ने लगाया धमकाने का आरोप



**बराड़ा।** प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

- तीसरे दिन भी जारी रहा बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबंधित) का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी सब डिवीजन बराड़ा परिसर में जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब डिवीजन अध्यक्ष दिनेश कांबोज ने की, जबकि मंच संचालन मनीष सांगवान द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान एसडीओ बराड़ा ने यूनियन पदाधिकारियों को कार्यालय में बुलाकर धरना समाप्त न करने पर एफआईआर दर्ज कराने और सख्त कार्रवाई की धमकी दी। यूनियन नेताओं का कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखना कर्मचारियों का संवैधानिक और यूनियन अधिकार है, लेकिन विभागीय अधिकारी बातचीत करने के बजाय दबाव की राजनीति कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि बिजली विभाग में फील्ड स्टाफ की भारी कमी के कारण आम जनता और कर्मचारियों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन की मुख्य मांग है कि कार्यालयों में बैठे तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में भेजा जाए ताकि बिजली व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके और उपभोक्ताओं को राहत मिले। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि केवल दो घंटे के सांकेतिक विरोध प्रदर्शन पर बैठे कर्मचारियों को ड्यूटी से अनुपस्थित दिखाना और पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर की बात करना कर्मचारी हितों का दमन है। संगठन ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रशासन को टकराव की बजाय बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालना चाहिए। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा । प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार, शाहजादपुर सब यूनिट अध्यक्ष कमल, जिला अध्यक्ष मनोज सैनी, जिला उपाध्यक्ष राकेश, जिला सचिव संदीप सैनी, कोषाध्यक्ष रोहित, सह-कोषाध्यक्ष प्रदीप सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने राणा के पिता के निधन पर जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के घर शोक व्यक्त करने पहुंची प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता शुक्रवार को अंबाला में जिला अध्यक्ष मंदीप राणा के आवास पहुंची। यहां उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा के पिता स्वर्गीय राजकुमार राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। डॉ. गुप्ता ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर शोक संतिप्त परिवारजनों को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार राणा परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन, डॉ. संजय शर्मा तथा भाजपा नेता रितेश गोयल सहित कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### छात्रा प्रिया शर्मा ने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**बराड़ा।** सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला की छात्रा प्रिया शर्मा ने जम्मू में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, क्षेत्र और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता से विजयी होकर विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रिया शर्मा और उनके अभिभावकों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रिया की उपलब्धि का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य सरदार हरपाल सिंह ने प्रिया की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

## प्रदेश के ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर का बढ़ा वेतन, अब मिलेंगे 18501

- राज्य के करीब आठ हजार कर्मचारी को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



**बराड़ा।** जानकारी देते जिला महासचिव मलकीत सिंह, जिला प्रधान सोहन लाल।

प्रदेश के श्रम विभाग ने ग्रामीण जलकर्मियों के बढ़े हुए न्यूनतम वेतन को लागू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। श्रम आयुक्त हरियाणा की ओर से विकास व पंचायत विभाग को भेजे गए आधिकारिक पत्र में यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया है कि ट्यूबवेल ऑपरेटरों को अब 'कुशल' श्रेणी में माना जाएगा और इसी आधार पर उन्हें बढ़ा हुआ वेतन दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से राज्य के करीब 8,000 ग्रामीण जलकर्मियों को सीधे तौर पर लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से जलकर्मियों के मासिक मानदेय में एक बड़ा उछाल आएगा। जहां पहले ग्रामीण जलकर्मियों को मात्र 13,346 रुपये मासिक वेतन मिलता था, वहीं अब कुशल श्रेणी में शामिल होने के बाद उन्हें हर महीने 18 हजार 501 रुपये वेतन के रूप में मिलेंगे।

## तकनीकी शिक्षा के जरिए युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर : अश्वनी

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया 2 जून से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा




**बराड़ा।** आईटीआई होली एट बराड़ा का बाहरी दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया 2 जून से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद युवाओं का रुझान तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में आईटीआई में प्रवेश विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक शिक्षा हासिल करने का सुनहरा अवसर माना जा रहा है। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि आईटीआई बराड़ा एट होली में आधुनिक मशीनों और अनुभवी प्रशिक्षकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि विद्यार्थी उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें।




### सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए डीलर-इंडस्ट्री पार्टनरशिप को मजबूत बनाने पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अंबाला।** एग्रो केम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसीएफआई) ने आज पंजाब और हरियाणा के एग्री डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर के लिए एक जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ (सस्टेनेबल) और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एग्रोकेमिकल उद्योग और चैनल पार्टनर्स के बीच सहयोग को मजबूत करना था। "सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए डीलर-इंडस्ट्री पार्टनरशिप को मजबूत बनाना" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिम्मेदार उत्पाद उपयोग, किसानों में जागरूकता, स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव्स तथा बदलती नियामकीय अपेक्षाओं के बीच सुरक्षित कृषि पद्धतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय एग्रोकेमिकल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर-लाभकारी संगठन एसीएफआई द्वारा शुक्रवार को चंडीगढ़ में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायरेक्टर जनरल कल्याण गोस्वामी ने कहा, "एग्री डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स किसानों के साथ पहला संपर्क बिंदु होते हैं और इसलिए किसानों को एग्रोकेमिकल्स के वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग के लिए मार्गदर्शन देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## पात्रों को योजना का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करवाएं अधिकारी: एडीसी

- दयालु-2 योजना के तहत मामलों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** बैठक में भाग लेते हुए अधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने आज अपने कार्यालय के सभागार में हरियाणा सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना द्वितीय (दयालु-2) के दृष्टिगत जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना के तहत रखे गए मामलों की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित से दयालु-2 योजना के तहत प्राप्त हुए आवेदनों की विस्तार से जानकारी हासिल की । बैठक में कमेटी द्वारा विचार-विमर्श कर नियमानुसार योजना के लाभ हेतु 13 आवेदन स्वीकृत किए गए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई दयालु-2 एक महत्वपूर्ण योजना है।

### पुलिस टीम ने नशा विरोधी अभियान के तहत दो तस्करों पर 13 ग्राम हेरोइन सहित कसा शिकंजा



**बराड़ा।** पुलिस द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो नशा तस्करों को 13 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को "नशामुक्त अम्बाला" अभियान के तहत नशा तस्करों के खिलाफ एक और बड़ा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के दिशा-निर्देशों पर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी उप निरीक्षक कुशलपाल के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### डीएसआर अपनाने पर मिलेंगे प्रति एकड़ 4500

**शहजादपुर।** उपमण्डल कृषि अधिकारी, नारायणगढ़ डॉ0 नरेश ने धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) पर बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश में लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए धान की सीधी बिजाई तकनीक को बढ़ावा दे रही है। यह तकनीक पारंपरिक रोपाई की तुलना में कम पानी, समय की बचत, कम खेती लागत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद करती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 में लगभग 5 लाख एकड़ क्षेत्र को डीएसआर तकनीक के अंतर्गत लाना है। सरकार डीएसआर तकनीक अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 4500 रूपय की प्रोत्साहन राशि देगी। किसान इस योजना के अन्तर्गत कितने भी एकड़ में धान की सीधी बिजाई कर इस योजना का लाभ ले सकता है।

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी नौ परियोजनाओं का किया उद्घाटन

## 14,007 करोड़ रुपये हुआ स्वास्थ्य सेवाओं का बजट: सीएम

प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में शुरू हुए स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महिला क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 105 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसी क्रम में जिला नागरिक अस्पताल अंबाला शहर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रेणु बेरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधे भेंट किए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं के बजट को बढ़ाकर 14,007 करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला नागरिक अस्पतालों में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महिला क्लीनिक शुरू किए गए हैं, जहां महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण तथा अन्य सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। इसके साथ ही अमृत फार्मेसी स्टोर की स्थापना से लोगों को सस्ती दवाइयों का लाभ मिलेगा। जिला स्तर पर जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें चांदसोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मच्छौंडा, बनौंदी और रायवाली उप स्वास्थ्य केंद्रों के नवनिर्मित भवन शामिल हैं। इसके अलावा अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में महिला क्लीनिक का उद्घाटन और अमृत फार्मेसी स्टोर का शिलान्यास भी किया गया।